हिंदी व्याकरण

पाठ- 9 : क्रिया (Verb)

I परिभाषा लिखिए।

क्रिया - जो शब्द किसी काम के होने या करने का बोध कराते हैं, वे क्रिया कहलाते हैं।
जैसे - पढ़ना, हँसना, खेलना, सोना, बोलना, है, हैं, था, थे आदि क्रियाएँ हैं।

II निम्न वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

क. आनंद पौधों को पानी दे रहा है।
ख. खेत में फ़सल उग रही है।
ग. कमरे में बल्ब जल रहा है।
घ. माँ कपड़े धो रही है।
ङ. दादी पलंग पर आराम कर रही हैं।

III उचित क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

क. कुणाल टी॰वी॰ देख रहा है। (सुन / देख)
ख. अध्यापक छात्रों को पढ़ा रहे हैं। (सुला / पढ़ा)
ग. कोयल आम के पेड़ पर बैठी है। (सोती / बैठी)
घ. मनीष जल्दी-जल्दी खा रहा है। (सो / खा)
ङ. बगीचे में फूल खिल रहे हैं। (खिल / मिल)

पाठ-10 : काल (Tense)

I क. परिभाषा लिखिए।

काल - क्रिया का वह रूप जो उसके होने के समय का बोध कराता है, उसे काल कहते हैं।

ख. काल के कितने भेद हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

→ काल के तीन भेद होते हैं।

1. भूतकाल (बीता हुआ समय)
   उदाहरण - लड़कियाँ गा रही थीं।

2. वर्तमान काल (चल रहा समय)
   उदाहरण - लड़कियाँ गा रही हैं।

3. भविष्यत् काल (आने वाला समय)
   उदाहरण - लड़कियाँ गीत गाएँगी।

II. कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार क्रिया के सही रूप से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क. बच्चे विद्यालय गए थे। (जाना, भूतकाल)
ख. निशा खाना खाएगी। (खाना, भविष्यत् काल)
ग. शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। (पढ़ाना, वर्तमान काल)

घ. माँ ने बच्चे को सुला दिया। (सुलाना, भूतकाल)
ङ छोटे-छोटे तारे टिमटिमा रहे हैं। (टिमटिमाना, वर्तमान काल)

III. नीचे दिए गए शब्दों को उनके काल के अनुसार सही स्थान पर लिखिए।

खेला था, जाएगा, हो रही है, नहाएगा, किया, रोते हैं

⇒

भूतकाल	वर्तमान काल	भविष्यत् काल
क. खेला था	क. हो रही है	क. जाएगा
ख. किया	ख. रोते हैं	ख. नहाएगा